कार्यालय : जिला शिक्षा अधिकारी,(मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर

क्रमांक : जिशिअ / माध्य / बीका / शैप्र / ज.न.वि.च.परीक्षा / 2023–24 दिनांक : 19.05.2023

**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**जिला–बीकानेर**

**(अति–आवश्यक)**

विषय :– जवाहर नवोदय समानान्तर प्रवेश परीक्षा 2023 में कक्षा 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन के संबंध में।

प्रसंग :– जवाहर नवोदय विद्यालय, गजनेर जिला–बीकानेर के पत्रांक : 1–67 / जनविचप–11 / जनविगबी / 2023–24 / 2132 दिनांकः 15.05.2023 के अनुक्रम में।

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगानुसार निवेदन हैं कि जवाहर नवोदय विद्यालय, गजनेर की कक्षा 11 में प्रवेश के लिए **समानान्तर प्रवेश परीक्षा 2023** का आयोजन दिनांक **22 जुलाई 2023 (शनिवार)** को किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कक्षा 11 के लिए आयोजित होने वाली समानान्तर प्रवेश परीक्षा में **ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.05.2023 (बुधवार) है।** ऑनलाईन आवेदन एवं विस्तृत दिशा–निर्देश जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकते हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने ब्लॉक के अधीनस्थ प्रत्येक राजकीय / निजी विद्यालय में कक्षा 10 में अध्ययनरत योग्य विद्यार्थियों में से कम से कम 10 विद्यार्थियों का नामांकन ऑनलाईन आवेदन करवाना सुनिश्चित करे, जिससे कि निर्धारित लक्ष्य अर्जित किया जा सके। कोई भी योग्य विद्यार्थी उक्त लाभकारी योजना से वंचित नही रहे। **पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करे।**

**संलग्न – प्रासंगिक पत्र की प्रति**

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक बीकानेर

क्रमांक : जिशिअ / माध्य / बीका / शैप्र / ज.न.वि.च.परीक्षा / 2023–24 दिनांक : 19.05.2023

प्रतिलिपि–

01. श्रीमान् जिला कलक्टर, बीकानेर
02. श्रीमान् निदेशक माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर
03. श्रीमान् संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर
04. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समसा, बीकानेर
05. प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, गजनेर, बीकानेर
06. समस्त संस्था प्रधान मावि / उमावि राजकीय / निजी जिला बीकानेर
07. कार्यालय प्रति

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक बीकानेर

दूरभाष –01534–275055, 275158
जवाहर नवोदय विद्यालय, गजनेर,
जिला–बीकानेर (राज0) पिन–334301
राष्ट्रीय राज मार्ग सं. 11, 32 किमी स्टोन,
(शिक्षा मंत्रालय, विद्यालयी शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का एक स्वायत संस्थान)
भारत सरकार

PHONE- 01534-275055 & 275158
JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA, GAJNER,
DISTRICT-BIKANER (RAJ.) Pin-334301
National HighwayNo.11,32 Mile Stone,
(Ministry of Education, Department os School Education & Literacy)
Govt. of India

ई–मेल : jnvgajner@gmail.com | वेबसाईट :www.jnvbikaner.gov.in

फा. 1–67 / जनविचप–11 / जनविगवी / 2023–24 / 2132 | दिनांक 15.05.2023

हस्त–प्रेषित

सेवा में,

माननीय जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष,
विद्यालय प्रबन्ध समिति,
जवाहर नवोदय विद्यालय, गजनेर
जिला–बीकानेर (राज.)

विषय :– कक्षा 11 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली समानान्तर प्रवेश परीक्षा–2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन के संबंध में।

संदर्भ :– श्रीमान आयुक्त महोदय, नविस, मुख्यालय, नोएडा के D.O. No. 3-1/2022-NVS(Exam)/4673 दिनाक 12.05.2023

माननीय महोदय,

उपर्युक्त संदर्भित पत्रानुसार निवेदन है कि इस विद्यालय में सत्र 2023–24 में कक्षा–11 में प्रवेश हेतु समानान्तर प्रवेश परीक्षा–2023 का आयोजन दिनांक 22 जूलाई 2023 (शनिवार) को किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कक्षा 11 के लिए आयोजित होने वाली समानान्तर प्रवेश परीक्षा में ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 मई, 2023 (बुधवार) है।

श्री विनायक गर्ग, श्रीमान आयुक्त महोदय, नवोदय विद्यालय समिति, मुख्यालय, नोएडा (उ.प्र.) के अर्द्ध शासकीय पत्र में कक्षा 6 के लिए आयोजित हुई जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा–2023 के सफल आयोजन के लिए आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। श्रीमान आयुक्त महोदय द्वारा कक्षा–11 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली पहली बार समानान्तर प्रवेश परीक्षा–2023 हेतु ऑनलाईन आवेदन के प्रचार–प्रसार हेतु सहयोग के लिए निवेदन किया गया है।

आदर सहित।

भवदीय,

(एम.एल. वर्मा)
प्राचार्य

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
जवाहर नवोदय विद्यालय
Jawahar Navodaya Vidyalaya
गजनेर जिला-बीकानेर (राज.)
Gajner Distt.-Bikaner

# नवोदय विद्यालय समिति

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ एक स्वायत्त संस्थान
स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, भारत सरकार

G20 भारत 2023 INDIA


## जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2023-24 हेतु कक्षा XI में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु अधिसूचन

जवाहर नवोदय विद्यालयों में सत्र 2023-24 हेतु पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संभावित उपलब्ध सीटों पर कक्षा XI मे प्रवेश हेतु योग्य उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

**आवेदन करने की अंतिम तिथिः 31.05.2023 | चयन परीक्षा की तिथिः 22.07.2023**


### पात्रता

- अभ्यर्थी को शैक्षणिक सत्र 2022-23 (अप्रैल 2022 से मार्च 2023 सत्र) / 2022 (जनवरी से दिसम्बर 2022 सत्र) के दौरान जिला, जहां जवाहर नवोदय विद्यालय कार्यरत है, के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से दसवीं कक्षा का अध्ययन किया होना चाहिए।
- जन्म 01.06.2006 तथा 31.07.2008 (दोनों दिवस शामिल) के बीच का होना चाहिए।



### सामान्य मुख्य विशेषताएं

- कक्षा VI से कक्षा XII तक सह-शैक्षिक तथा पूर्णतयः आवासीय।
- मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा।
- सीबीएसई से सम्बद्ध। बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।
- छात्र तथा छात्राओं हेतु अलग-अलग छात्रावास, ~~[illegible]~~।
- भोजन, आवास, गणवेश, पाठ्यपुस्तकें, स्टेशनरी आदि के साथ निःशुल्क शिक्षा।
- सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु पाठ्य सहगामी गतिविधियां, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, योग आदि पर विशेष ध्यान।



### विशिष्ट विशेषताएं

गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर विशेष जोर देने के परिणाम स्वरूप

- **JEE MAIN - 2022 : 7585 में से 4296 (56.6%) छात्र उत्तीर्ण, JEE Advanced-2022 3000 में से 1010 (33.7%) छात्र उत्तीर्ण**
- **NEET - 2022 24807 में से 19352 (78.0%) छात्र उत्तीर्ण**
- **कक्षा - X तथा XII (2021-22) के उत्कृष्ट परिणाम, कक्षा X: 99.71% व कक्षा XII 98.93%**
- **यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग एनवीएस के 25 पूर्व छात्रों का चयन।**

### चयन परीक्षा

- मानसिक योग्यता, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान।
- ओएमआर आधारित आब्जेक्टिव (बहुविकल्पीय) टाइप।
- द्विभाषीय प्रश्न पत्र (हिन्दी तथा अंग्रेजी)।
- पाठ्यक्रम तथा चयन मानदण्ड हेतु कृपया एनवीएस अधिसूचना का संदर्भ ग्रहण करें।
- यदि कक्षा-X का अध्ययन तथा निवास का जनपद समान है, तभी अभ्यर्थी को जनपद स्तर की मेरिट के लिए विचार किया जाएगा।

**विस्तृत विवरणिका-सह-अधिसूचना तथा पंजीकरण हेतु www.navodaya.gov.in पर लॉगिन करें।**